# खसरा में छेड़छाड़ करने के मामले में सात पर प्रकरण दर्ज

## मामला कंप्यूटरीकृत खसरे का , आरोपियों ने सरकारी राजस्व अभिलेखों में धोखाधड़ी, छल, बेइमानी और कूटरचना कर किया बदलाव

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 नवम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना तहसील क्षेत्र में खसरा प्रविष्टियों में अवैध परिवर्तन के गंभीर मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है. अनुविभागीय अधिकारी हनुमना द्वारा भेजे गए आधिकारिक पत्र के आधार पर हनुमना थाना पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.**

मामले का खुलासा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने करते हुए बताया कि सूचना देने वाले नायब तहसीलदार बुद्धसेन मांझी ने थाना हनुमना पहुंचकर एसडीएम कार्यालय द्वारा जारी पत्र की प्रति प्रस्तुत की. पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि ग्राम कोलहा, पटवारी हल्का धौसड़, राजस्व निरीक्षक मंडल पहाड़ी की आराजी नंबर 353, रकवा 0.170 हेक्टेयर में वर्ष 2007-08 से 2009-10 के बीच कंप्यूटरीकृत खसरे में अनाधिकृत रूप से प्रविष्टियों में परिवर्तन किए गए. यह मामला हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश के बाद संज्ञान में आया था, जिसमें संबंधित व्यक्तियों पर विभागीय जांच और दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे. एसडीएम ने अपने पत्र में कहा है कि जांच में यह स्पष्ट पाया गया कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी, छल, बेईमानी और कूटरचना कर सरकारी राजस्व अभिलेखों में बदलाव किया गया. इस गंभीर अनियमितता को आपराधिक कृत्य मानते हुए विधि अनुसार एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया.

### जिनके विरूद्ध दर्ज हुआ प्रकरण

बता दे कि जिन सात व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है उनमें रवीन्द्र पिता स्वामीशरण, निवासी पैतिहा जिला प्रयागराज (उ.प्र.), भगोले पिता रामदास नाई, निवासी कोलहा, हनुमना, गल्होरे पिता भगोले नाई, निवासी कोलहा, लछिमन पिता भगोले, निवासी कोलहा, मिथिला प्रसाद पिता सुमंतराम, पूर्व पेशकार, तहसील हनुमना, यशोदानंदन दीपांकर, तत्कालीन पटवारी, हर्दिहाई, चन्द्रसेन पटेल तत्कालीन कंप्यूटर ऑपरेटर, तहसील हनुमना शामिल हैं. पुलिस को आदेशित किया है कि दर्ज प्रकरण की विधिसंगत जांच कर कार्रवाई की जानकारी अविलंब उपलब्ध कराई जाए. साथ ही पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी मऊगंज को भी भेजी गई है.


# कलेक्टर ने दो प्राचार्यों को दिया नोटिस

## एसआईआर में लापरवाही का मामला

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 नवम्बर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर दो प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस दिया है.**

कलेक्टर ने प्रभारी प्राचार्य शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रघुनाथगंज रमाशंकर वर्मा तथा प्राचार्य शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल माडौ शंखराज सिंह को कारण बताओ नोटिस दिया है. इन दोनों प्राचार्यों की ड्यूटी गणना पत्रक डिजिटाइजेशन कार्य में बीएलओ पर्वेक्षक के रूप में लगाई गयी है. इनके अधीन मतदान केन्द्रों में डिजिटाइजेशन की प्रगति कम होने तथा 21 नवम्बर को कलेक्ट्रेट में बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है. यह नोटिस मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत दिया गया है. नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी.



# रिहंद के डैम में तैरता मिला रिटायर्ड शिक्षक का शव

▸ दो दिन पूर्व लापता हुये थे सेवानिवृत्त शिक्षक, अनिद्रा से थे ग्रसित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 नवम्बर। पुलिस चौकी खुटार क्षेत्र के ग्राम हर्दी निवासी एक सेवानिवृत्त शिक्षक पिछले दो दिनों से अचानक लापता हो गये थे। जिनका आज दिन शनिवार को एनटीपीसी रिहंद के डैम में तैरता हुआ शव मिला है। पुलिस शव बरामद कर मामले की विवेचना कर रही है।**

जानकारी के अनुसार मुताबिक ग्राम हर्दी के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक भुनेश्वर प्रसाद पाण्डेय दो दिन पूर्व अपने घर से लापता हो गये थे। मृतक के परिजनों ने पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस लगातार सर्च करते हुये तलाश में लगी थी कि आज शनिवार की सुबह एनटीपीसी रिहंद के डैम में रिटायर्ड शिक्षक का शव तैरता हुआ मिला है। इतना जरूर बताया जा रहा है कि वे अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित थे। उन्होंने से इस तरह का खौफनाक कदम क्यों उठाया, यह बात समझ से परे है। ग्रामीण यह भी बताते हैं कि सेवानिवृत्त शिक्षक बेहद शांत एवं सरल स्वभाव के थे। इधर पुलिस शव को गोताखोरों के मदद से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए शव गृह भेज दिया है। साथ ही पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

खुटार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक शीतला यादव ने बताया कि दो दिन पूर्व बुजुर्ग लापता हुये थे। काफी तलाश के बाद आज एनटीपीसी रिहंद के डैम में शव मिला है। शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम करते हुये मामले की जांच की जा रही है।

# तहसीलदार ने मतदाता सूची कार्यों का किया निरीक्षण

**चितरंगी 22 नवंबर,** विकास खंड चितरंगी के तहसील दुधमनिया अंतर्गत पोलिंग बूथ क्रमांक 266, 267 एवं 268 पर तहसीलदार दुधमनिया सारिका परस्ते द्वारा मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं बीएलओ से प्रगति की जानकारी ली। तहसीलदार सारिका परस्ते ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में सहयोग प्रदान करें और बीएलओ द्वारा मांगी गई समस्त जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं। जिससे कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो सके।

# गड्डी पहाड़ में प्रतिमाओं को अज्ञात ने किया क्षतिग्रस्त, क्षेत्र में तनाव

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 22 नवंबर, जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र अंतर्गत गड्डी पहाड़ में स्थित भगवान श्रीराम और हनुमान जी की मूर्तियों को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़े जाने का मामला सामने आया है। घटना ने ग्रामीणों की आस्था और धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचाया है।**



शुक्रवार दोपहर जब ग्रामीण श्रद्धालुओं की तरह पूजा-पाठ के लिए पहुंचे तो मंदिर परिसर में मूर्ति टूटी हुई दिखाई दी। इसके बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी।ग्रामीण गुड्डू तिवारी ने बताया कि करीब 20 वर्ष पूर्व एक महात्मा द्वारा इस स्थान पर भगवान श्रीराम और हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित की गई थीं। तब से यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए पूजा-अर्चना और धार्मिक साधना का केंद्र रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां कई धार्मिक अनुष्ठान होते रहे हैं और लोगों की आस्था इस स्थान से गहराई से जुड़ी रही है। लेकिन इस घटना ने लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।सूचना मिलते ही रामपुर नैकिन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है और पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। वहीं ग्रामीणों ने मांग की है कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने की हिम्मत न कर सके।

### इनका कहना है

घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और मूर्ति तोड़े जाने के मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुट गई है तथा आसपास के लोगों से पूंछताछ की जा रही है। जो भी व्यक्ति इस कृत्य में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**सुधांशु तिवारी , थाना प्रभारी रामपुर नैकिन**

# ढेंका में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत

## घायलों को जिला अस्पताल के लिए भेजा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 नवम्बर। माड़ा थाना क्षेत्र के ढेंका गांव में आज दिन शनिवार की शाम दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।**

दुर्घटना की सूचना मिलते ही क्षत्रिय कुलावंत संगठन की टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंची और माड़ा पुलिस के सहयोग से घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही,



लेकिन संगठन के सदस्यों ने स्थिति को संभालते हुए राहत कार्यों को तेजी से अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार हादसे में घायल युवकों की पहचान दीपू नाई निवासी जरहा तथा रैला निवासी एक युवक के रूप में हुई है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतनी जोरदार था कि दोनों युवक कुछ देर तक बेहोशी की अवस्था में पड़े रहे। संगठन द्वारा उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं संगठन के संरक्षक अशोक सिंह परिहार को जैसे ही दुर्घटना की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत संगठन के संस्थापक अंकित सिंह को अवगत कराया। सूचना मिलते ही अंकित सिंह, जनपद सदस्य माड़ा रणधीर सिंह, तहसील अध्यक्ष विकेश सिंह, रणमत सिंह सहित टीम मौके पर पहुंची और प्राथमिकता के आधार पर घायलों को सुरक्षित अस्पताल के लिए रवाना किया।



# दो संस्थानों में बालश्रम के तहत कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 नवम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर आज श्रम विभाग ने मोरवा क्षेत्र के दो स्थानों में दबिश देते हुये दो बालश्रमो को मुक्त कराते हुये कार्रवाई की है।**

जानकारी के अनुसार मोरवा स्थित ऑम मोटरसाइकिल वर्कशॉप एवं मिश्रा वासिंग सेंटर में दो बाल श्रमिक कार्य करते मिले। श्रम विभाग ने संबंधित संस्थानों के विरूद्ध बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुये सीडब्ल्यूसी समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनके परिजनों को सुपुर्द करते हुये नियोजक के विरूद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

# प्राचार्य व शिक्षक ई अटेंडेंस शत-प्रतिशत लगाएं : नीरव

## संयुक्त संचालक शिक्षा रीवा ने बीईओ व बीआरसीसी एवं प्राचार्यो की ली समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 नवम्बर। जिला पंचायत के सभागार में आज संयुक्त संचालक रीवा की मौजूदगी में बीईओ एवं बीआरसीसी तथा प्राचार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2025 का विश्लेषण समेत शिक्षक उपस्थिति के लिए ई-अटेंडेंस की समीक्षा समेत अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई।**

बैठक में डीईओ एसबी सिंह , आईटी संभाग समन्वयक जनार्दन मिश्रा मौजूद रहे। जिला पंचायत सभागार में



आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम 2025 का विश्लेषण, शिक्षक उपस्थिति के लिए ई-अटेंडेंस, परीक्षा परिणाम के लिए अकादमिक कार्ययोजना एवं परीक्षा परिणाम का लक्ष्य निर्धारण, निदानात्मक कक्षाओं का संचालन, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं निर्धारित पाठ्यक्रम की पूर्णता की समीक्षा के अलावा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक, सायकल कक्ष 6वीं एवं 9वीं वितरण के साथ-साथ सहित सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा , शिक्षको के सत्वो के भुगतान, पेंशन प्रकरण तथा भुगतान पर चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक ने जोर देते हुये कहा कि सभी प्राचार्य, शिक्षक, ई-अटेंडेंस शत-प्रतिशत लगाये और छात्रा उपस्थिति भी बढ़ायें। लॉग इन-लॉग आउट अवश्य करें। किसी को किसी भी प्रकार की कोई छूट नहीं है। छात्रवृत्ति एजुकेशन पोर्टल 3.0 में सभी छात्रो की प्रोफाइल अपडेशन का कार्य शत-प्रतिशत दो दिवस में पूर्ण कर स्वीकृत की कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में सही निराकरण डलवा और राज्य साकार की सत्र 2021-22, 2022-23 की छात्रवृत्ति की शिकायतों निराकरण स्वयं कराकर बंद करायें, अतिथि शिक्षक की शिकायतों का सही-सही निराकरण करें, कोई भी गलत भुगतान न करे, किसी भी सेवा निवृत्त शिक्षक या कार्यरत शिक्षक का कोई भी भुगतान शेष न रहे तत्काल पेंडिग भुगतान देयक करे । यदि किसी संकुल या शिक्षक का कोई भी प्रकरण शेष है तो उसे कार्यालय में बुलाकर निराकरण समय सीमा में करें। इस बैठक में संकुल प्राचार्य, बीआरसीसी, बीईओ मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी दादर नगर हवेली से गिरफ्तार

## पिछले दो साल से फरार चल रहा था आरोपी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 नवम्बर, रीवा पुलिस ने रेप जैसे संगीत मामले में फरार चल रहे आरोपों को दादर नगर हवेली से गिरफ्तार किया है.**

पकड़ा गया आरोपी बीते 2 सालों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था जिस पर पुलिस अधीक्षक रीवा ने 5000 का इनाम भी घोषित कर रखा था. फिलहाल की गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस ने उसे जेल दाखिल कर दिया है. दरअसल यह कार्रवाई रीवा की बैकुंठपुर थाना पुलिस द्वारा की गईहै. थाना प्रभारी जयप्रकाश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि साल 2023 में आरोपी प्रकाश कुशवाहा निवासी ग्राम टकटैया थाना चुरहट जिला सीधी के विरुद्ध रेप केस दर्ज किया गया था. उक्त मामले में आरोपी घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था, जो बीते 2 सालों से पुलिस को चकमा देता रहा.

फिलहाल आरोपी के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व में ही 5000 का इनाम भी घोषित किया गया था. वहीं आरोपी की लगातार तलाश में जुटी पुलिस ने साइबर टीम की मदद से आरोपी का लोकेशन ट्रेस कर उसे दादर नगर हवेली से गिरफ्तार कर रीवा लाया है.




# फाटपानी गांव में डेढ़ दर्जन कांग्रेसियों को पुलिस ने लिया हिरासत में

▸ पेड़ों की कटाई का विरोध करने जा रहे थे कांग्रेसी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 नवम्बर। लंघाडोल थाना क्षेत्र के वासी बेरदहा में एक वन विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई कराए जाने को लेकर कांग्रेसी विरोध कर रहे हैं। आज डेढ़ दर्जन कांग्रेसी जंगल का हालात जानने एवं ग्रामीणों से मिलने जा रहे थे कि फाटपानी गांव में पुलिस ने कांग्रेसियों को हिरासत में ले लिया है।**

गौरतलब है कि वासी बेरदह में एक निजी कंपनी को कोल ब्लॉक आवंटित हुआ है। जहां सरकार से अनुमति लेकर जंगलों की कटाई की जा रही है। वहीं ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। इसी वस्तुस्थिति का जायजा लेने तथा ग्रामीणों से मुलाकात करने



आज जिला कांग्रेस कमेटी की टीम स्थल पर जा रहें थे। जहां कांग्रेसियों ने दो बैरिकेट को जबरन पार कर तीसरे पर पहुंचने वाले थे कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की अध्यक्ष सरस्वती सिंह कर रही थी। इस दौरान डेढ़ दर्जन कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में लेते हुये बस से पचौर पुलिस लाइन लाई है। पुलिस ने बैरिकेट फाटपानी गांव में लगाई थी। इस दौरान कांग्रेसियों ने सरकार एवं पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे।

इधर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा के लिहाज से फाटपानी में आवश्यक बैरिकेटिंग लगाई गई थी, जहां कांग्रेस के लोग आकर दो बैरिकेटिंग तोड़ते हुए तीसरे को तोड़ने का प्रयास करते हुए नारेबाजी कर रहे थे, जहां सुरक्षा के लिहाज से 17 लोगों को गिरफ्तार कर पचौर जिला जेल लाया गया। सभी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है।

# छात्रावास में अधीक्षिका ने गिनाई कई खामिया

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 22 नवम्बर।** जिला कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार तहसीलदार दुधमनिया सारिका परस्ते ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जूनियर कन्या छात्रावास पौड़ी 3 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका मधुवाला द्विवेदी द्वारा छात्रावास में गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी



पर जानकारी दी गई। अधीक्षिका ने छात्राओं की पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए कम्प्यूटर, सीसीटीव्ही कैमरा एवं खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराने की मांग रखी।

# देवसर में मुस्कान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## महिला सुरक्षा शाखा का आयोजन




**नवभारत न्यूज**

**देवसर 22 नवम्बर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसर में महिला सुरक्षा शाखा द्वारा मुस्कान विशेष अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक प्रीति साकेत, आर पूर्वा पचौरी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से मिशन शक्ति समन्वयक मीनाक्षी त्रिपाठी द्वारा बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, बाल विवाह व पॉक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य सहित लगभग 880 बालिकाएँ उपस्थित रहीं और सभी को सतर्क रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन पर तुरंत संपर्क करने की सलाह दी गई।

# समय से पहले एसआईआर पूरा करने वाले 9 बीएलओ सम्मानित

## डिजिटालाइजेशन का काम 100 प्रतिशत पूरा होने पर कलेक्टर ने किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**सतना 22 नवम्बर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सतना जिले की 5 विधानसभा क्षेत्रों के 9 बीएलओ ने निर्धारित समय से पहले ही अपने मतदान केंद्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है।**

इस उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस ने इन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र,



शाल और श्रीफल प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेन्द्र सिंह, केबी त्रिपाठी उपस्थित रहे। इनमें विधानसभा क्षेत्र-61 चित्रकूट के मतदान केंद्र क्र-160 शा.उ.मा.वि. जैतवारा के बीएलओ मनोज कुमार शुक्ला, विधानसभा क्षेत्र-62 रैगांव के मतदान केंद्र क्र-2 शा.प्रा.शाला निपनिया के अशोक कुमार त्रिपाठी, मतदान केंद्र क्र-49 शास. प्राथ.शाला सुजावल के संजीत रजक, मतदान केंद्र क्र-114 ग्राम पंचायत भवन बचवई के रामनरेश लोधी, विधानसभा क्षेत्र 63-सतना, मतदान केंद्र क्र-7 शा.मा.शाला पवैया के लेखराज सिंह, विधानसभा क्षेत्र 64-नागौद के मतदान केंद्र क्र-74 शा.उ.मा.वि. रहिकवारा के प्रणय कुमार त्रिपाठी, मतदान केंद्र क्र-82 शा.प्रा.शाला घटेहकला के कृष्णदत्त त्रिपाठी, विधानसभा क्षेत्र-67 रामपुर बाघेलान के मतदान केंद्र क्र-149 शा. कन्या उ.मा.वि.रामपुर बाघेलान के सुनील कुमार निगम और मतदान केंद्र क्र-304 शा.मा.वि. हरदी के बीएलओ भरतलाल सिंह शामिल है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99